डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
उत्तर प्रदेश सरकार
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Government of Uttar Pradesh

//कार्यालय आदेश//

विश्वविद्यालय अधिनियम एवं परिनियमावली–2009 में पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिये आरक्षण हेतु वर्णित व्यवस्था तथा विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा लिये गये निर्णय के अधीन आगामी शैक्षणिक सत्र 2018–19 में विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न गैर–व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश–प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं पारदर्शिता से पूर्ण किये जाने हेतु प्रो0 प्रेम मोहन, अधिष्ठाता, वाणिज्य संकाय को प्रवेश–समन्वयक (गैर–व्यावसायिक पाठ्यक्रम) तथा इसी प्रकार विश्वविद्यालय से संचालित विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश–प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं पारदर्शिता से पूर्ण किये जाने हेतु प्रो0 नागेन्द्र यादव, प्रोफेसर, प्रबन्धशास्त्र विभाग को प्रवेश समन्वयक (व्यावसायिक पाठ्यक्रम) नामित किया जाता है।

उपरोक्त के क्रम में शैक्षणिक सत्र 2018–19 में प्रवेश–प्रक्रिया की पूर्ण कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने हेतु नामित प्रवेश–समन्वयक द्वारा अपने स्तर से तत्संबन्धित समितियों का प्रस्ताव अधोहस्ताक्षरी के समक्ष यथाशीघ्र प्रस्तुत किये जाने की अपेक्षा है।

उक्त अदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

(मधुरेन्द्र कुमार पर्वत)
कुलसचिव

पत्रांक 39/**फा0सं0–749**/DSMNRU/प्रवेश प्रक्रिया/2017–18 दिनांक 11 अप्रैल, 2017

प्रतिलिपि :–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. कुलपति कार्यालय, को कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
3. परीक्षा नियंत्रक, विश्वविद्यालय।
4. प्रो0 प्रेम मोहन, अधिष्ठाता, वाणिज्य संकाय।
5. प्रो0 नागेन्द्र यादव, प्रबन्धशास्त्र विभाग।
6. समस्त अधिष्ठाता, विश्वविद्यालय।
7. समस्त विभागाध्यक्ष (कला/विधि/वाणिज्य/विशेष शिक्षा/प्रबन्धन/कम्प्यूटर विज्ञान/आई0 टी0/विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी/ संगीत एवं ललित कला विभाग/रसायन विज्ञान/माईक्रोबायोलजी)
8. सिस्टम एनालिस्ट, को वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
9. समस्त विभागों की नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।

(मधुरेन्द्र कुमार पर्वत)
कुलसचिव